दिनांक:15.06.2025

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की पांच दिन की यात्रा पर रवाना होंगे।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारी प्राथमिकता।
- प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान को एक ओर सफलता, बालाघाट में 4 नक्सली मारे गए।
- मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत 47 जिलों में आंधी- बारिश का अलर्ट जारी किया।

प्रधानमंत्री यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की पांच दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर श्री मोदी साइप्रस की राजधानी निकोसिया पहुंचेंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में श्री मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस से वार्ता करेंगे। वे लिमासोल में व्यापार जगत के प्रतिनिधियों को भी संबोधित करेंगे। इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंध बढाने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र तथा यूरोपीय संघ के साथ भारत की साझेदारी मजबूत करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी यात्रा के अंतिम चरण में 18 जून को क्रोएशिया की सरकारी यात्रा पर जायेंगे। श्री मोदी

क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और क्रोएशिया के राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविच से मुलाकात करेंगे।

शाह-मध्य प्रदेश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और भारत की संप्रभुता को खतरे में डालने के किसी भी प्रयास का निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। श्री शाह कल मध्य प्रदेश के पर्वतीय स्थल पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी के सांसद-विधायक प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में अनुशासन, वैचारिक प्रतिबद्धता और जन सेवा महत्वपूर्ण है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार सुरक्षित, विकसित और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। श्री शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने 26 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, सात करोड़ परिवारों को आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की हैं।

इसरो-रॉकेट प्रक्षेपण परीक्षण

इसरो ने कल उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में रॉकेट प्रक्षेपण का सफल परीक्षण किया। उत्तर प्रदेश में इसरो का यह पहला परीक्षण है। यह परीक्षण थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया।

यह परीक्षण अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एक बड़े आयोजन का एक हिस्सा था, जिसमें करीब 900 युवाओं द्वारा निर्मित उपग्रहों का परीक्षण किया जाएगा। थ्रस्ट टेक इंडिया के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि यह आयोजन देश में बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

नक्सल विरोधी अभियान

मध्य प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान को एक और सफलता मिली हैं। बालाघाट जिला में कल हुई मुठभेड़ में 3 महिलाएं सहित 4 नक्सलियों मार गिराया गया है। उनके कब्जे से कई हथियार नक्सल साहित्य और भारी मात्रा में गोला-बारूद मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराने पर राज्य पुलिस बल के जवानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को प्रदेश की धरती से समूल खत्म करने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में जून माह की किस्त राशि अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। मुख्यमंत्री इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में भी राशि अंतरित करेंगे।

मूंग पंजीयन

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द की खरीदी के लिए संबंधित किसानों का पंजीयन 19 जून से शुरू होगा। इसके लिये किसान की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, आईएफसी कोड सहित भूअधिकार ऋण पुस्तिका की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी।

इसके अलावा बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा का होना अनिवार्य है। सिकमी और बटाई काश्तकार को पंजीयन के लिये आवेदन के साथ सिकमी के अनुबंध की स्व-प्रमाणित प्रति भी संलग्न करना होगी।

आरटीई प्रवेश

नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए 16 जून से प्रवेश प्रकिया 20 जून तक चलेगी।

प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

महिला-एफआईएच प्रो लीग

लंदन में भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अगले एफआईएच प्रो लीग मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। कल हुए एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त झेलनी पडी। ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को तीन-दो से हराया। भारत अब अंक तालिका में नौ मैचों में नौ अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है।

मौसम

प्रदेश में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। राजधानी भोपाल सहित कल कई जिलों में बारिश हुई। उज्जैन में रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से कई ट्रेनें प्रभावित रही।

मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत कुल 47 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। यहां हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नीट- यूजी, परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले इंदौर के विद्यार्थी उत्कर्ष अवधिया सहित सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी हैं।
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य भुवन भूषण कमल ने आगरमालवा में शासन की जनहितैषी योजनाओं से पिछड़ा वर्ग को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।
- 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर संभाग के प्रमुख पर्यटक स्थलों धार जिले में मांडू के जहाज महल और खरगोन जिले के महेश्वर में योग कार्यक्रम होंगे।

- ग्वालियर जिले में वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेले के आयोजन के लिए कल प्रमुख धर्माचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया।
- विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रीवा जिले के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के एनसीसी सीनियर डिवीजन कैडेट्स ने वृहद रक्तदान शिविर में भाग लिया।
- शाजापुर जिले में पोषण भी पढाई भी एवं शालापूर्व प्रारंभिक शिक्षा विषय पर विभिन्न क्षेत्रो में आंगनवाडी कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- विदिशा कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन जागरूकता के साथ ही सड़कों व चौराहों पर रेडियम एवं काशन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए है।
- सतना जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में 18 जून को युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है।

-------